(b) if so what are the details thereof ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR) : (a) and (b) Modernisation of the Armed Forces is an ongoing process which takes into account the changing threat scenario as well as the availability of resources. Measures to modernise our Forces to meet the potential threats of modern day warfare are not based on any foreign model. plans are prepared to take appropriate measures to ensure effective defence preparedness to meet assessed security threats.

The details of modernisation Plan of our Armed Forces cannot be divulged in the national security interest.

इलेक्ट्रॉनिकी विभाग के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निजीकरण

1253. **मौलाना अबेदुल्ला खान आज़मी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलेक्ट्रॉनिक विभाग के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निजीकरण करने संबंधी कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) और (ख) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के शेयरों की अपनियोजन की नीति के अनुसार सीएमसी लिमिटेड नामक इलेक्ट्रोनिकी विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाले एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के 16.685 प्रतिशत शेयर वित्तीय संस्थानों को बेचे गए हैं।

अनुसंधान और विकास कार्यों के लिए ब्याज-रहित ऋण

1254. **डा० बापू कालदाते** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार निजी फर्मों को अनुसंधान और विकास कार्यों के लिए ब्याज-रहित ऋण देने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो यह ऋण किन-किन किन क्षेत्रों के लिए दिया जाएगा और

(ग) यह ऋण देने के लिए कौन-कौन से निबंधन और शर्तें होंगी ?

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) से (ग) जी, हां। इलेक्ट्रॉनिकी विभाग की विभिन्न विकास परिषदों द्वारा पता लगाए गए प्रौद्योगिकी के अन्तराल वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर धन-राशि उपलब्ध कराने के मामले में यह योजना समान रूप से लागू होंगी। इस संबंध में तैयार किए गए विशिष्ट निबंधनों एवं शर्तों में निम्न-लिखित शामिल हैं :—

(i) बैंक की गारन्टी से ब्याज रहित ऋण ;